		Amount Due In Rs. Rs. 5,15,760/- (Rupees Five Lakhs FifteenThousand Seven Hundred Sixty Only) with further interest and other charges from 14-Nov-2024.	
	DETAILS OF THE SECURED ASSET:- All That Part Of Parcel Of Property Bearing Uid No 63730SO0M0S3T0R496AR (Document No.637300496) Area Measuring 60.865 Sq. Mtrs. Situated At Village Baghola, Block Prithla, Tehsil & District Palwal, Haryana. **Boundaries As** Per Technical Report Dated 12-09-2023. **East** - Ne- Propery Of Satish, **West**-Se- Property Of Tekchand, **North**- Nw-Gali 11 Ft, **South**- Se- Other Property		

Date: 28.01.2025
Place: Gurugram, Haryana

Authorized Officer, Mr. Gaurav Tripathi Mobile- 9850055701
Ummeed Housing Finance Pvt. Ltd

PADAM COTTON YARNS LIMITED

(CIN: L17112HR1997PLC033641)
REGD OFFICE: 196, 1st Floor, Opp. Red Cross Bhawan, G.T. Road, Karnal- 132001, Haryana
www.padamcotton.com | Email: cspcyl6@gmail.com | Tel: 8383858860

NOTICE OF EXTRAORDINARY GENERAL MEETING AND E-VOTING INFORMATION

Notice is hereby given that the Extraordinary General Meeting **("EGM")** of the Members of M/s Padam Cotton Yarns Limited will be held on **Monday, the 24th Day of February, 2025 at 12:00 p.m.** at Registered Office of the Company at 196, 1st Floor, G.T Road, Opp. Red Cross Market, Karnal - 132001 (Haryana), to transact the business mentioned in the Notice convening the Extraordinary of the Company.

In Compliance with section 108 of the Companies Act, 2013 read with rule 20 of Companies (Management and Administration) Rules, 2014 and SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirement) Regulations, 2015, the Company is providing E-voting facility to its members to cast their vote electronically on the resolutions to be transacted at Extraordinary of the Company.

In compliance with the relevant circulars, the Notice of the Extraordinary General Meeting containing, inter alia, the Explanatory Statement thereon has been sent via email on **Monday, January 27, 2025,** to all the Members of the Company. The aforesaid documents are available on the Company's website at **www.padamcotton.com** and on the website of the Stock Exchanges i.e. BSE Ltd. at www.bseindia.com, and is also available on the website of RTA, M/s Beetal Financial & Computer Services Pvt. Ltd., **beetal@beetalfinancial.com.**

Link to the Notice: **https://www.padamcotton.com/images/pdf/notices/Notice%20of%20EGM_Padam%20Cotton01.pdf**

The members are informed that:

1. The remote E-voting shall commence **Friday, February 21, 2025 at 09:00 a.m. and ends on Sunday, February 23, 2025 at 5:00 p.m.**
2. The cut-off date for determining the eligibility of members for remote E-voting and voting through poll at the EGM is **Monday, February 17, 2025.**
3. Any person who becomes member of the Company after dispatch of notice of the meeting and holding shares as on cut-off date i.e. **Friday, 24th January, 2025** may obtain the user id and password by contacting, M/s Beetal Financial & Computer Services Pvt. Ltd., Beetal House, 3rd Floor, 99, Madangir, Behind Local Shopping Centre, Near Dada Harsukh Dass Mandir, New Delhi -110062, Phone No.: 011-29961281-83, Fax No.: 011- 29961284, E-mail: **beetal@beetalfinancial.com.**
4. The members who cast their vote through remote E-voting may also attend the EGM but shall not be allowed to cast their vote at the EGM.
5. The facility of voting through poll shall be available at the EGM to those members who have not casted their vote through remote E-voting.
6. The Notice is available at the company's website viz. **www.padamcotton.com.**
7. Members may go through the e-voting instructions provided in the EGM Notice or may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) and E-voting Manual for Shareholders at **www.evotingindia.com**, under help section or write an email to **helpdesk.evoting@cdslindia.com**.

The results of e-voting on the resolutions set out in the Notice of the EGM shall be declared within the permissible time under the applicable laws. The results declared along with the report of the Scrutinizer shall be placed on the website of the Company www.padamcotton.com and on the website of Beetal Financial & Computer Services Pvt. Ltd., immediately after the declaration of result by the Chairman or a person authorised by him/her and the result shall also be communicated to the Stock Exchange i.e. BSE Ltd. The results shall be displayed at the Registered at 196, 1st Floor, Opp. Red Cross Bhawan, G.T. Road, Karnal- 132001, Haryana.

All grievances connected with the facility for voting by electronic means may be addressed to Mr. Rakesh Dalvi, Manager, (CDSL,) Central Depository Services (India) Limited, A Wing, 25th Floor, Marathon Futurex, Mafatlal Mill Compounds, N M Joshi Marg, Lower Parel (East), Mumbai-400013 or send an email to **helpdesk.evoting@cdslindia.com** or call on 022-23058542/43.

For **Padam Cotton Yarns Limited**
Sd/-
Pernika Mittal
Director
DIN: 08194164

Date : 27.01.2025
Place: Karnal

ALANKIT LIMITED

CIN: L74900DL1989PLC036860
Regd. Off. 205-208, Anarkali Complex, Jhandewalan Extension, New Delhi-110055
Website: www.alankit.in Email for investors: investor@alankit.com
Tel No.: 011-42541234/904

NOTICE

(For attention of Equity Shareholders of the Company)

Sub.: Transfer of Equity Shares of the Company to the DEMAT Account of the Investor Education and Protection Fund Authority

This Notice is published pursuant to the provisions of Section 124(6) of the Companies Act, 2013 ('Act'), read together with the Investor Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016 ('Rules'), as amended from time to time.

Section 124(6) of the Act provides that all shares in respect of which dividend has not been paid or claimed for seven consecutive years or more shall be transferred by the Company in the name of Investor Education and Protection Fund.

Adhering to the various requirements set out in the Rules, the Company has communicated to the concerned shareholders, at their latest available addresses, who have not claimed their dividend(s) for the Financial Year 2017-18 (Interim Dividend) and onwards, for taking appropriate action(s).

The Company has uploaded details of such shareholders along with their folio number or DP ID/Client ID and number of Equity Shares due for transfer to DEMAT Account of the Investor Education and Protection Fund Authority (the 'Authority') on its website, www.alankit.in. The shareholders are requested to refer to the website to verify the details of dividends not encashed and the Equity Shares liable to be transferred to the DEMAT Account of the Authority.

In this connection, concerned Members may please note the following:

a) **For Members holding Equity Shares in physical form** and whose Equity Shares are liable to be transferred to DEMAT Account of the Authority, may note that the Company would issue new share certificate(s) in lieu of the original share certificate(s) held by them for the purpose of transfer to the DEMAT Account of the Authority as per the Rules and upon such issue, the original share certificate(s) will stand automatically cancelled and be deemed non-negotiable.

b) **For Members holding Equity Shares in dematerialized form** and whose Equity Shares are liable to be transferred to DEMAT Account of the Authority, may note that the Company would inform the depository by way of Corporate Action for transfer of shares in favour of DEMAT Account of the Authority. The shareholders may further note that the details uploaded by the Company on its website should be regarded and shall be deemed adequate notice in respect of issue of the new share certificate(s) by the Company for the purpose of transfer of Equity Shares to DEMAT Account of the Authority.

The Shareholders may note that both the unclaimed dividend and the shares transferred to the IEPF Authority/DEMAT Account of the Authority including all benefits accruing on such shares, if any, can be claimed back by them from IEPF Authority after following the procedure prescribed in the Rules.

In case the Company does not receive any valid claim from the concerned shareholder by 03rd March, 2025, the Company shall with a view to comply with the aforesaid requirements set out in the Rules, transfer the shares to the DEMAT Account of the Authority. It may be noted that the concerned shareholders can claim the shares and dividend from IEPF Authority by making an application in the prescribed Form IEPF-5 online and sending physical copies of requisite documents enumerated in the Form IEPF-5, to the Nodal Officer of the Company.

In case the shareholders have any queries/clarifications on the subject matter and the Rules, they may contact the Company at its Registered Office or Alankit Assignments Limited, the Company's Registrar and Transfer Agent, at Alankit House, 4E/2, Jhandewalan Extension, New Delhi-11005, Tel. No.; +011 4254 1100; E-mail ID: jksingla@alankit.com.

For Alankit Limited
Sd/-
ANKIT AGARWAL
MANAGING DIRECTOR

Date: 27th JANUARY, 2025
Place: New Delhi

खबर संक्षेप

गोलीबारी: चैंपियन को 14 दिन की हिरासत

देहरादून। उत्तराखंड में खानपुर से विधायक उमेश कुमार और पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन के बीच विवाद के बाद गिरफ्तार किए गए। चैंपियन को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। जबकि उमेश को जमानत मिल गई। 40-40 हजार के दो मुचलके भरे गए। प्रभारी संयुक्त निरीक्षक अभियोजन हरिद्वार रिंकू वर्मा ने की पुष्टि की है। बता दें कि रविवार को पूर्व विधायक चैंपियन की ओर से विधायक उमेश के कैंप कार्यालय पर गोली चलाने के बाद माहौल गर्मा गया था। हाथ में पिस्टल ले जाते हुए दिखाए दिए थे। पुलिस ने किसी तरह उन्हें रोका था। इस मामले में दोनों के समर्थकों में टकराव की स्थिति बन गई थी। जिसके बाद दोनों के कैंप कार्यालय पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। इस बीच पुलिस चैंपियन को गिरफ्तार करते हुए देहरादून के नेहरू कालोनी थाने में ले गई।

13वीं मंजिल से गिरी बच्ची, बच गई जान

मुंबई। महाराष्ट्र के डोंबिवली के देवीचापाड़ा इलाके में एक चमत्कारिक घटना घटी। रविवार सुबह 13 मंजिला इमारत से एक दो वर्षीय बच्चा नीचे गिरने लगा, जैसे ही बच्चा गिरने लगा इमारत में रहने वाले भावेश म्हात्रे नाम के एक युवक ने अपनी जान की परवाह किए बिना भाग कर उसकी जान बचा ली। इस घटना से जुड़ा वीडियो भी सामने आया है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना पिछले हफ्ते देवीचापाड़ा इलाके में हुई और बच्चे को केवल मामूली चोटें आईं। 13वीं मंजिल के फ्लैट की बालकनी में खेलते समय गिर गया। एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा, "वह फिसल गईं, कुछ देर तक बालकनी के किनारे पर लटकी रहीं और फिर गिर गईं।

बुच का कार्यकाल 28 फरवरी को होगा समाप्त

नई दिल्ली। सरकार ने सोमवार को सेबी के चेयरपर्सन की तलाश की प्रक्रिया शुरू कर दी। यह प्रक्रिया मौजूदा प्रमुख माधबी पुरी बुच के कार्यकाल की समाप्ति से एक महीने पहले शुरू की गई है। बुच हितों के टकराव को लेकर पिछले काफी समय से चर्चा में रही हैं। नियुक्ति पांच साल या उम्मीदवार की आयु 65 वर्ष होने तक के लिए होगी। आवेदन दाखिल करने की अंतिम तारीख 17 फरवरी है। सेबी की भूमिका और महत्व को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवार के पास उच्च निष्ठा, प्रतिष्ठा तथा 50 वर्ष से अधिक का अनुभव और 25 वर्ष से अधिक का पेशेवर अनुभव होना चाहिए।

चुनाव आयोग ने यमुना के पानी पर मांगी हरियाणा सरकार से रिपोर्ट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के पत्र पर संज्ञान लेते हुए चुनाव आयोग ने हरियाणा सरकार से देश की राजधानी में आपूर्ति किये जा रहे पानी की गुणवत्ता पर एक विस्तृत और तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है। हरियाणा सरकार को यह रिपोर्ट मंगलवार दोपहर 12 बजे तक आयोग को देनी है। ज्ञात हो कि दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर हरियाणा से आने वाले पानी में अमोनिया के उच्च स्तर की शिकायत चुनाव आयोग से की थी। दिल्ली और पंजाब के मुख्यमंत्रियों ने चुनाव आयोग में शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि हरियाणा से राष्ट्रीय राजधानी में आपूर्ति किए जाने वाले पानी में अमोनिया का उच्च स्तर मौजूदा विधानसभा चुनाव प्रक्रिया के दौरान आपूर्ति पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में यमुना सफाई और हरियाणा से इसमें छोड़ा जा रहा पानी एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है। पिछले कई दिनों से भाजपा नेता चुनाव प्रचार के दौरान आम आदमी पार्टी की सरकार को यमुना सफाई में विफल रहने का आरोप लगाते हुए घेर रहे हैं। दूसरी तरफ, आप संयोजक अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी हरियाणा सरकार पर यमुना में दूषित पानी छोड़ने का आरोप लगा रहे हैं।

अगर जहरीला पानी दिल्ली आ जाता तो ना जाने कितने लोगों की हो जाती मौत: आप संयोजक

खास बातें

- केजरीवाल बोले- हरियाणा सरकार ने यमुना में छोड़ा जहरीला पानी
- मुख्यमंत्री आतिशी और भगवंत मान ने चुनाव आयोग से की शिकायत

भाजपा की हरियाणा सरकार ने पानी में जहर मिलाकर भेजा: केजरीवाल

आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी पर कड़ा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि लोगों को पानी से वंचित करने से बड़ा पाप कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक ऐसी हरकत की है जो शायद दुनिया के इतिहास में कभी नहीं की गई होगी। भाजपा की हरियाणा की सरकार ने यमुना के पानी में जहर मिला कर छोड़ दिया, भला हो हमारे दिल्ली जल बोर्ड के इंजिनियरों ने बार्डर पर ही पानी रोक दिया और दिल्ली में नहीं आने दिया। केजरीवाल ने कहा कि अगर वो पानी दिल्ली के अंदर आ जाता और पीने के पानी में मिल जाता दिल्ली के अंदर ना जाने कितने लोगों की मौत हो जाती। इनकी वजह से एक तिहाई दिल्ली में पीने के पानी की कमी हो गई है। ऐसे तो दो दुश्मन देशों में होता है। उन्होंने कहा कि जहरीला पानी पिलाकर भाजपा दिल्लीवासियों का सामूहिक नरसंहार करना चाहती है। हम ऐसा नहीं होने देंगे।

भाजपा हार के डर से दिल्ली वालों को प्यासा मारना चाहती

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि चुनाव में हार के डर से भाजपा दिल्ली वालों को प्यासा मारना चाहती है। भाजपा अपनी हरियाणा सरकार से यमुना नदी में जहरीला पानी छुड़वा रही है। पानी में इतना अमोनिया है कि दिल्ली के 3 वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बंद होने की कगार पर हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के 30 प्रतिशत लोगों को पानी नहीं मिलेगा। हिंदू धर्म में पानी रोकने से बड़ा कोई पाप नहीं होता। दिल्ली के लोग भाजपा वालों को इस पाप का जवाब 5 फरवरी को देंगे।

केजरीवाल के आरोपों पर सीएम नायब सैनी का पलटवार

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने केजरीवाल द्वारा लगाए गए आरोपों सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यमुना साफ करने में विफल रहने के बाद आम आदमी पार्टी और उनके नेता झूठे आरोप लगाने में जुट गये हैं। दिल्ली सरकार खुद अपने नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में विफल रही है और अब इसका दोष हरियाणा पर मढ़ रही है। आधारहीन दावे करने की केजरीवाल की आदत का उल्लेख करते हुए सैनी ने आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि आरोप लगाना और फिर जिम्मेदारी से भागना अरविंद केजरीवाल की आदत है। उन्होंने यमुना को साफ करने का वादा किया था, लेकिन कुछ नहीं किया गया। सैनी ने कहा कि मैंने सुझाव दिया था कि हमें उस बिंदु पर पानी की गुणवत्ता की जांच करनी चाहिए जहां से हरियाणा से दिल्ली तक यमुना का पानी लाया जाता है। दिल्ली की जनता जल्द ही आम आदमी पार्टी को जवाबदेह ठहराएगी। मैंने कहा कि आप (अरविंद केजरीवाल) अपने मुख्य सचिव को भेजें और मैं अपने मुख्य सचिव से कहूंगा कि सोनीपत में यमुना के पानी की गुणवत्ता की जांच करें, जहां से यह दिल्ली में प्रवेश करता है। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि केजरीवाल अमोनिया की बात करते हैं। वह पानी की कमी का दावा करते हैं, लेकिन कोई कमी नहीं है। समस्या वितरण प्रणाली में है। वह 10 साल में पानी के वितरण को ठीक से नहीं संभाल सके, जबकि उन्होंने मंच से वादा किया था। फिर भी लोग दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। उन्होंने केजरीवाल को सलाह देते हुए कहा आरोप लगाने के बजाय उन्हें काम करना चाहिए। दिल्ली की जनता ने मन बना लिया है और वह उन्हें सबक सिखाएगी।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **वीरेंद्र कुमार पुत्र ईश्वर कुमार मंडोतिया** निवासी 48A, G.F पांडव नगर, शादीपुर डिपो, नई दिल्ली ने **CC No. 22870/16 U/s 84 BNSS,** के अंतर्गत थाना: **रंजीत नगर,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **वीरेंद्र कुमार** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **वीरेंद्र कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 22870/16 U/s 84 BNSS,** थाना: **रंजीत नगर,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **वीरेंद्र कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
आकृति महेंद्रू, Ld. ACJM,
DP/960/CD/2025 पश्चिम, कमरा नंबर 145, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 (2) (ii) CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम: **पार्वती, पत्नी: पवन कुमार, निवासी: बी–97, गली नंबर–03, अंबिका विहार, करावल नगर, दिल्ली–110094** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.159/2021 U/S 33 D. EX. Act** के तहत एक मामला **थाना करावल नगर, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **पार्वती** नहीं मिली या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **पार्वती** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **पार्वती** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
इसरा ज़ैदी
जेएमएफसी–04, कमरा नंबर–64,
चौथी मंजिल, उत्तर पूर्व जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/107[illegible]E/2025

हिमाचल में यूसीसी पर जुबानी जंग!

जयराम की 'गुगली' पर धर्माणी ने किया पलटवार, रजवी बोले- कोई दिक्कत नहीं

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि अगर हिमाचल प्रदेश में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार होती, तो हिमाचल, यूनिफॉर्म सिविल कोड को लागू करने वाला दूसरा राज्य बन जाता। जयराम ठाकुर की इस सियासी गुगली ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की नेतृत्व वाली सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री राज्य धर्माणी ने भाजपा पर तुष्टीकरण का आरोप लगा दिया।

उत्तराखंड में यूसीसी लागू हुआ और हिमाचल में सियासी उबाल आ गया

एजेंसी ▶▶ शिमला

शिक्षा मंत्री ने भाजपा पर लगाया तुष्टिकरण का आरोप

हिमाचल प्रदेश का पड़ोसी राज्य उत्तराखंड यूनिफॉर्म सिविल कोड को लागू करने वाला पहला राज्य बन चुका है। इस बीच हिमाचल प्रदेश में भी यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर सियासी जंग की शुरुआत हो चुकी है।

राज्य में सियासत उबाल देखा जाने लगा। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि अगर हिमाचल प्रदेश में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार होती, तो हिमाचल यूनिफॉर्म सिविल कोड को लागू करने वाला दूसरा राज्य बन जाता।

जयराम ठाकुर की इस सियासी गुगली ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की नेतृत्व वाली सरकार को परेशान तो किया, लेकिन सोमवार को ही तकनीकी शिक्षा मंत्री राज्य धर्माणी ने भाजपा पर तुष्टीकरण के आरोप लगाते हुए पलटवार कर डाला।

हिमाचल में भाजपा ने राज्य की कांग्रेस सरकार को यूसीसी के बहाने जमकर घेरा

जयराम ठाकुर पर धर्माणी का पलटवार : हिमाचल प्रदेश सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी धर्म के नाम पर राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि यूनिफॉर्म सिविल कोड सुनने के लिए तो अच्छा लगता है और लोगों को आकर्षित करता है, लेकिन यह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि हिंदुओं के रीति रिवाज भी अलग हैं। हर हिंदू धर्म में भी क्षेत्र के मुताबिक रीति रिवाज बदल जाते हैं। देश में उत्तर और दक्षिण में भी रीति-रिवाज अलग हैं। ऐसे में यूनिफॉर्म सिविल कोड व्यावहारिक नहीं है।

यूसीसी व्यवहारिक नहीं है: धर्माणी

राजेश धर्माणी ने कहा कि अगर हम हिमाचल प्रदेश के संबंध में ही बात करें, तो हिमाचल प्रदेश में भी रीति रिवाज अलग-अलग हैं। हर जिले के रीति रिवाज भी अलग हो जाते हैं। शिमला में ही एक इलाके में रिवाज अलग होते हैं, जबकि दूसरे इलाके के रिवाज बदल जाते हैं।उन्होंने कहा कि देश की अनेकता ही यहां की ताकत है। धर्माणी ने आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की राजनीति अल्पसंख्यक समूहों पर टारगेट के लिए होती है। धर्माणी ने कहा कि देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड संभव नहीं है। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी को इस पर राजनीति नहीं करनी चाहिए।

यूसीसी पर अमल करने में भी कोई ऐतराज नहीं: रजवी

बरेली। मुसलमान कानून पर अमल करता है और सम्मान करता है, यूसीसी पर अमल करने में भी कोई ऐतराज नहीं है। आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने बयान में कहा कि उत्तराखंड में लागू यूसीसी का अगर शरीयत से कोई टकराव नहीं हो और शरीयत के उसूलों के खिलाफ नहीं है तो मुसलमान यूसीसी पर अमल करेंगे। अगर शरीयत के खिलाफ या टकराव की स्थिति है तो मुसलमान यूसीसी पर अमल करने पर बाध्य और मजबूर नहीं हैं। मौलाना ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सभी समुदायों से राय लेनी चाहिए थी। धामी की ओर से बनाई गई कमेटी ने सभी समुदाय से राय मशविरा नहीं लिया। खास तौर पर मुसलमानों से दूरी बनाए रखी गई, इसलिए ये फैसला एकतरफा है।

Alankit

अलंकित लिमिटेड
CIN- L74900DL1989PLC036860
पंजीकृत कार्यालय 205–208, अनारकली कॉम्प्लेक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली–110055
वेबसाइट: www.alankit.in निवेशकों के लिए ईमेल: investor@alankit.com
टेलीफोन नं.: 011–42541234 / 904

सूचना
(कंपनी के इक्विटी शेयरधारकों के ध्यानार्थ)

विषय: निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण के डीमैट खाते में कंपनी के इक्विटी शेयरों का हस्तांतरण

यह नोटिस कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 124(6) के प्रावधानों के अनुसार प्रकाशित किया गया है, जिसे निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, लेखा परीक्षा, हस्तांतरण एवं वापसी) नियम, 2016 ('नियम') के साथ पढ़ा जाता है, जिसे समय–समय पर संशोधित किया जाता है।

अधिनियम की धारा 124(6) में प्रावधान है कि जिन शेयरों के संबंध में लगातार सात वर्षों या उससे अधिक समय तक लाभांश का भुगतान या दावा नहीं किया गया है, उन्हें कंपनी द्वारा निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि के नाम पर हस्तांतरित किया जाएगा।

नियमों में निर्धारित विभिन्न आवश्यकताओं का पालन करते हुए, कंपनी ने संबंधित शेयरधारकों को, उनके नवीनतम उपलब्ध पतों पर, उचित कार्रवाई करने के लिए सूचित किया है, जिन्होंने वित्तीय वर्ष 2017–18 (अंतरिम लाभांश) और उसके बाद के लिए अपने लाभांश का दावा नहीं किया है।

कंपनी ने ऐसे शेयरधारकों का विवरण उनके फोलियो नंबर या डीपी आईडी / क्लाइंट आईडी और निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण ('प्राधिकरण') के डीमैट खाते में स्थानांतरित किए जाने वाले इक्विटी शेयरों की संख्या के साथ अपनी वेबसाइट www.alankit.in पर अपलोड किया है। शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे वेबसाइट पर जाकर, भुनाए न गए लाभांश और प्राधिकरण के डीमैट खाते में स्थानांतरित किए जाने वाले इक्विटी शेयरों का विवरण सत्यापित करें।

इस संबंध में, संबंधित सदस्य कृपया निम्नलिखित बातों पर ध्यान दें:

क) **भौतिक रूप में इक्विटी शेयर रखने वाले सदस्य**, जिनके इक्विटी शेयर प्राधिकरण के डीमैट खाते में स्थानांतरित किए जाने योग्य हैं, कृपया ध्यान दें कि कंपनी नियमों के अनुसार प्राधिकरण के डीमैट खाते में स्थानांतरित करने के उद्देश्य से उनके द्वारा रखे गए मूल शेयर प्रमाणपत्र के बदले में नए शेयर प्रमाणपत्र जारी करेगी और ऐसे जारी होने पर, मूल शेयर प्रमाणपत्र स्वत: ही रद्द हो जाएंगे और उन्हें गैर–परक्राम्य माना जाएगा।

ख) **डीमैट रूप में इक्विटी शेयर रखने वाले सदस्य**, जिनके इक्विटी शेयर प्राधिकरण के डीमैट खाते में स्थानांतरित किए जाने योग्य हैं, कृपया ध्यान दें कि कंपनी प्राधिकरण के डीमैट खाते के पक्ष में शेयरों के हस्तांतरण के लिए कॉर्पोरेट कार्रवाई के माध्यम से डिपॉजिटरी को सूचित करेगी। शेयरधारक यह भी ध्यान दें कि कंपनी द्वारा अपनी वेबसाइट पर अपलोड किए गए विवरण को प्राधिकरण के डीमैट खाते में इक्विटी शेयरों के हस्तांतरण के उद्देश्य से कंपनी द्वारा नए शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के संबंध में पर्याप्त सूचना माना जाना चाहिए।

शेयरधारक ध्यान दें कि दावा न किए गए लाभांश और प्राधिकरण के आईईपीएफ प्राधिकरण / डीमैट खाते में हस्तांतरित शेयर, जिसमें ऐसे शेयरों पर मिलने वाले सभी लाभ, यदि कोई हों, शामिल हैं, नियमों में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने के बाद आईईपीएफ प्राधिकरण से वापस लिए जा सकते हैं।

यदि कंपनी को 3 मार्च, 2025 तक संबंधित शेयरधारक से कोई वैध दावा प्राप्त नहीं होता है, तो कंपनी नियमों में निर्धारित उपरोक्त आवश्यकताओं का अनुपालन करने के उद्देश्य से शेयरों को प्राधिकरण के डीमैट खाते में स्थानांतरित कर देगी। यह ध्यान दिया जा सकता है कि संबंधित शेयरधारक निर्धारित फॉर्म आईईपीएफ–5 में ऑनलाइन आवेदन करके और फॉर्म आईईपीएफ–5 में उल्लिखित अपेक्षित दस्तावेजों की भौतिक प्रतियां कंपनी के नोडल अधिकारी को भेजकर आईईपीएफ प्राधिकरण से शेयरों और लाभांश का दावा कर सकते हैं। यदि शेयरधारकों को विषय वस्तु और नियमों पर कोई प्रश्न / स्पष्टीकरण चाहिए, तो वे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय या कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट अलंकित असाइनमेंट लिमिटेड से अलंकित हाउस, 4ई / 2, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली–11005, दूरभाष संख्या 011 4254 1100य ई–मेल आईडी: jksingla@alankit.com पर संपर्क कर सकते हैं।

अलंकित लिमिटेड के लिए
हस्ता / –
अंकित अग्रवाल
प्रबंध निदेशक

दिनांक: 27 जनवरी, 2025
स्थान: नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- दहेज और घरेलू हिंसा को लेकर हम कुछ भी नहीं कर सकते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दहेज और घरेलू हिंसा कानूनों में सुधार की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि इसके लिए समाज को बदलना होगा, हम इसमें कुछ नहीं कर सकते। याचिका में कहा गया था कि मौजूदा दहेज और घरेलू हिंसा कानूनों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है, ऐसे में इनमें सुधार किए जाने चाहिए।

बीते दिनों बेंगलुरु में एक इंजीनियर ने आत्महत्या कर ली थी। इंजीनियर ने अपनी पत्नी पर कानूनी तौर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था और इंजीनियर ने कानून में कथित खामियों का भी आरोप लगाया था। इंजीनियर की आत्महत्या के बाद समाज में देहज और घरेलू हिंसा कानूनों के गलत इस्तेमाल को लेकर बहस छिड़ गई। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कानूनों में सुधार की मांग की गई। याचिका वकील विशाल तिवारी ने दायर की थी। याचिका में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जजों, वकीलों और कानूनी विशेषज्ञों की सदस्यता वाली एक समिति बनाने की मांग की गई थी, जो मौजूदा दहेज और घरेलू हिंसा कानूनों की समीक्षा करे।

सबसे ज्यादा दागी आप से, पांच अरबपतियों में तीन भाजपा के

एडीआर: 5 साल में 74% घटी सबसे अमीर विधायक की संपत्ति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में विधानसभा चुनाव 2025 के एलान के बाद सियासी सरगर्मियां जोरों पर हैं। तमाम सियासी दल चुनाव प्रचार में जोर आजमाइश लगा रहे हैं। इस केंद्र शासित प्रदेश में 5 फरवरी को मतदान होना है, जबकि 8 फरवरी को मतगणना होनी है। इस बीच एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने सभी राजनीतिक दलों की तरफ से खड़े किए गए उम्मीदवारों का लेखा जोखा प्रकाशित किया है। प्रत्याशियों की तरफ से दिए गए हलफनामों के आधार पर रिपोर्ट में उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि, वित्तीय, शिक्षा, लिंग और अन्य विवरणों का विश्लेषण किया गया है। गौरतलब है कि दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर इस बार 699 उम्मीदवार खड़े हो रहे हैं। इनमें से 278 प्रत्याशी राष्ट्रीय दलों से, 29 राज्य-स्तरीय दलों से, 254 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दलों से और 138 उम्मीदवार निर्दलीय हैं। 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में सबसे अमीर उम्मीदवार रहे धर्मपाल लाकड़ा ने इस बार अपनी संपत्ति 76 करोड़ रुपए घोषित की है। यह पिछले विधानसभा चुनाव में उनकी 292 करोड़ रुपए की संपत्ति में 74 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

सबसे ज्यादा करोड़पति

एडीआर के मुताबिक, भाजपा के सबसे ज्यादा 68 में से 8 प्रत्याशियों (12 प्रतिशत) की संपत्ति 50 करोड़ से ज्यादा है। कांग्रेस के 70 में से 7 (10 फीसदी) और आम आदमी पार्टी के 70 में से 6 उम्मीदवार (9 प्रतिशत) की संपत्ति 50 करोड़ से ऊपर है।

इसके अलावा 138 में से 2 (एक फीसदी) निर्दलीय उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति 50 करोड़ से अधिक घोषित की है। इस बार चुनाव मैदान में उतरे सभी प्रत्याशियों की कुल संपत्ति की बात करें तो यह 3,952 करोड़ रुपए है। इस लिहाज से औसत संपत्ति 5.65 करोड़ रुपए है।

132 यानी 19 प्रतिशत उम्मीदवार दागी

एडीआर ने 699 प्रत्याशियों के हलफनामों का विश्लेषण किया। रिपोर्ट के मुताबिक, इस बार 132 (19 फीसदी) उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनावों की बात करें तो तब 672 में से 133 प्रत्याशियों (20 फीसदी) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले बताए थे। यानी इस बार दागी उम्मीदवारों की संख्या में कमी दर्ज की गई है। 2025 में किस्मत आजमा रहे 81 उम्मीदवारों (12 फीसदी) ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज किए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रमुख दलों में सबसे ज्यादा दागी उम्मीदवार आम आदमी पार्टी के हैं।

सोलापुर में जीबीएस से पहली मौत

19 बच्चों सहित 101 एक्टिव मरीज,1 इंजेक्शन 20 हजार का

पुणे में जीबीएस का पहला मरीज 9 जनवरी को मिला था

एजेंसी ▶▶ पुणे

महाराष्ट्र के सोलापुर में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम यानी जीबीएस से पहली मौत की बात सामने आई है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि शख्स पुणे में काम करता था और अपने घर सोलापुर गया था। उसके गुइलेन-बैरे सिंड्रोम से पीड़ित होने का संदेह था। महाराष्ट्र स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक 26 जनवरी तक जीबीएस के 101 एक्टिव मरीज हैं। इसमें पुणे से 81 मरीज, पिंपरी चिंचवाड़ से 14 और 6 मरीज अन्य जिलों से हैं। इनमें 68 पुरूष और 33 महिला मरीज हैं। पुणे में 16 मरीज वेंटिलेटर पर हैं।

केंद्र ने स्पेशल टीम भेजी

पुणे में 9 जनवरी को अस्पताल में भर्ती मरीज जीबीएस पॉजिटिव आया था, ये पहला केस था। अब पुणे में एक्टिव केसों की संख्या 101 हो गई है। इनमें 19 मरीज 9 साल से कम उम्र के हैं। 50-80 साल की उम्र वाले 23 मरीज हैं। जीबीएस के मामले में महाराष्ट्र सरकार की मदद के लिए केंद्र सरकार ने हाई लेवल की स्पेशलिस्ट टीम भेजी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने 7 सदस्य वाली टीम भेजी है। एजेंसी के मुताबिक रिसर्च और दूसरे डिपार्टमेंट की स्पेशलिस्ट टीम ग्राउंड लेवल पर काम कर रही है। इस मामले में महाराष्ट्र सरकार की मदद के लिए केंद्र सरकार ने हाई लेवल की स्पेशलिस्ट टीम भेजी है। एजेंसी के मुताबिक स्वास्थ्य मंत्रालय ने 7 सदस्य वाली टीम भेजी है। एजेंसी के मुताबिक रिसर्च और दूसरे डिपार्टमेंट की स्पेशलिस्ट टीम ग्राउंड लेवल पर काम कर रही है।